ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 31.12.2020

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 31.12.2020 को मिश्रीपुर तराई स्थित कान्हा गौशाला का किया गया निरीक्षण।
- जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय द्वारा आज दिनांक 31.12.2020 को बरेली मोड़ के पास नाले के निर्माण कार्य का किया गया निरीक्षण।

1. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 31.12.2020 को मिश्रीपुर तराई स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने गौशाला में अलाव, साफ–सफाई, पेयजल, एवं प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जिसमें गायो के लिए हरा चारा,भूसा पर्याप्त मात्रा मे पाया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय ने ठंड एवं शीतलहर के दृष्टिगत नियमित रूप से अलाव लगाये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया एवं नगर आयुक्त महोदय द्वारा गौशाला में पानी की सुचारू रूप से निकासी हेतु यथोचित व्यवस्था किये जाने हेतु मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, उपस्थित रहे।

2. जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा आज दिनांक 31.12.2020 को बरेली मोड़ के पास नाले के पानी की निकासी हेतु निरीक्षण किया गया। जिसमें बरेली मोड से हरदोई वाईपास की ओर जाने वाली रोड पर नाला निर्माण कर नवादा इन्देपुर के नाले में मिलाने एवं नवादा इन्देपुर से गर्रा नदी तक अवशेष नाले के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र कराने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय द्वारा नाले के ऊपर लोगो द्वारा किये गये अतिक्रमण को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई तथा किये गये अतिक्रमण को तत्काल रूप से हटाये जाने के सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान, महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी सहायक अभियन्ता (सिविल) श्री विपुल कुमार उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।